(ग) उक्त कंपनी से कुल कितनी राशि वसूल की जानी है, और

(घ) सरकार ने इसे वसूल करने के लिए क्या कदम उठाये हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

लाटरी घोटाले

3999. श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान :
डा० बापू कालादाते :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत एक वर्ष के दौरान लाटरी घोटाले के कुल कितने मामले प्रकाश में आए हैं ;

(ख) प्रत्येक मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम क्या-क्या हैं ; और

(ग) लाटरियों में घपलों को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) से (ग) लाटरियां चलाने में गलत तौर-तरीके अपनाए जाने के बारे में शिकायतें समय-समय पर प्राप्त होती रहती हैं । आगे की समुचित कार्रवाई के लिए इन्हें संबंधित राज्य सरकारों को भेज दिया जाता है । अलग-अलग मामलों के बारे में सांख्यिकीय सूचना नहीं रखी जाती है । सूचित किए गए गलत तौर-तरीकों को ध्यान में रखते हुए, केन्द्र सरकार ने समय-समय पर राज्यों को दिशा निर्देश जारी किये हैं ।

दस्यु सुन्दरी फूलन देवी को रिहा किया जाना

4000. श्री सुबाहमण्यम स्वामी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को भूमिहीन समाज सुधार समिति (पंजीकृत) की ओर से ग्वालियर जेल में कैद दस्यु सुन्दरी फूलन देवी की रिहाई की मांग सम्बन्धी कोई पत्र प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की जाएगी ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है ।

Development work of Kirari Suleman Village, Delhi

4001. SHRI V. GOPALSAMY:
SHRI MISA R. GANESAN . Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the amount of money allotted to Kirari Suleman village of Nazafgarh zone during the last three years, year-wise figures;

(b) how much non-plan money has been allotted to this village during the period, year-wise figures;

(c) how much has been spent on this village out of the plan and non-plan allotment, year-wise; figures;

(d) how many developmental works were initiated by Delhi Municipal Corporation doping this period; details of each project, wher it was initiated and when it was completed; what was the estimated cost and what was the expenditure when each project was completed;

(e) how many projects are being planned for improving the civic amenities of this village in the near future; and

(f) the details of each project including the approximate cost ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) and (b) The Municipal Corporation of Delhi has reported that allocation of funds is made Division-wise and project-wise for various works in villages depending upon necessity and urgency.

(c) The amount spent year-wisn on plan and
non-plan Heads is as under:

	Man	*Non-Han*
1990-91	Rs. 132.662	Nil
1991-92	Rs. 544.408	Nil
1992-93	Rs. 220,959	Rs. 141,689

(d) The following .works, initiated during the last 3 years, have been completed :

(1) Construction of drain on Phirni road The expenditure incurred is approximately Rs. 2.40 lakhs.

(2) Providing concrete cement in certain lanes. The expenditure incurred is approximately Rs. 2.95 lakhs.

(3) Improvement of certain internal lanes. The expenditure incurred is approximately Rs. 1,49 lakhs.

(4) Improvement of Kutcha passage from Kirari road to cremation ground. The expenditure incurred is approximately Rs. 1.41 lakhs.

Five other projects are at various stages of completion.

(e) and (f) There is no fresh proposal for improvement work in this village.